वार्षिक रिपोर्ट

2015 - 2016

LBSNAA

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी

प्रकाशकः

प्रशिक्षण अनुसंधान एवं प्रकाशन प्रकोष्ठ
लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी
अकादमी की वार्षिक रिपोर्ट अकादमी वेबसाइट http://www.lbsnaa.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

मुद्रकः

प्रिंट विजन
41–सी राजपुर रोड, देहरादून – 248001, उत्तराखंड
फोन नं0 – 0135–2741702/26532172
ई–मेल : printvisionddn@gmail.com, office@printvisionindia.com
वेबसाइट : www.printvisionindia.com

अकादमी मिशन तथा आधारभूत मूल्य

मिशन

''हम उचित देखभाल, नैतिक और पारदर्शी ढांचे में एक व्यावसायिक एवं जिम्मेदार सिविल सेवा के निर्माण की दिशा में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर के सुशासन को बढ़ाना चाहते हैं।''

आधारभूत मूल्य



वंचितों की सेवा

''लोगों के साथ कार्य करते हुए अपने दृष्टिकोण में मानवता रखना, वंचितों की ताकत बनना तथा उनके खिलाफ किसी भी अन्याय के समाधान में सक्रिय होना। आप इस प्रयास में सफलता प्राप्त कर सकते हैं यदि आप सत्यनिष्ठा, सम्मान, व्यावसायिकता और सहयोग के साथ कार्य करें।''

सत्यनिष्ठा

''अपने विचारों, शब्दों तथा कार्यों में एकरूप होना जो आप को विश्वसनीय बनाती है। दोषारोपण में साहस रखना तथा सदैव बिना किसी भय के, यहां तक कि सबसे शक्तिशाली व्यक्ति से भी सत्य बोलना। किसी भी भ्रष्टाचार को कदापि सहन न करें, इसका विनम्रता या बौद्धिकता से सामना करें।

सम्मान

जाति, धर्म, रंग, लिंग, आयु, भाषा, क्षेत्र, विचारधारा तथा सामाजिक – आर्थिक स्थिति की भिन्न्ता को अपनाना। सभी के साथ विनम्रता तथा सहानुभूति के साथ पेश आएं। भावात्मक रूप से स्थिर रहें, विश्वास के साथ तथा अहंकार के बिना आगे बढ़ें।

व्यावसायिकता

अपने दृष्टिकोण में न्यायसंगत तथा अराजनैतिक रहना, कार्य तथा परिणाम के लिए पूर्वाग्रह के साथ अपने कार्य के प्रति व्यावसायिक तथा पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहना और नियमित रूप से सुधार एवं उत्कृष्टता का लक्ष्य रखना।

सहयोग

मतैक्य के लिए सभी के साथ गंभीरता से कार्य कर के विचारों तथा कार्यों में सहयोग करना। दूसरों को प्रोत्साहित करना, टीम भावना हो बढ़ावा देना तथा दूसरों से सीखने के लिए खुलकर चर्चा करना। पहल करना तथा जिम्मेदारी लेना।

विषय सूची

अकादमी मिशन तथा आधारभूत मूल्य iii

अध्याय 1: ला.ब.शा.रा.प्र.अ परिचय 1

उत्पत्ति एवं विकास क्रम 1

प्रशिक्षण पद्धति 2

क्षेत्र भ्रमण 3

संघ–भाव को बढ़ावा 3

परिसर 3

ला.ब.शा.रा.प्र.अ. के निदेशक, संयुक्त निदेशक 3

अध्याय 2: 2015–16 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम 4

अध्याय 3: पाठ्यक्रमों एवं गतिविधियों का विवरण 6

प्रवेशकालीन पाठ्यक्रम

90वां आधारिक पाठ्यक्रम 6

भा.प्र. सेवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण–I (2014–16 बैच) 9

जिला प्रशिक्षण (52 सप्ताह) 14

भा.प्र. सेवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण–II (2013–15 बैच) 15

भा.प्र. सेवा अधिकारियों के लिए मध्यावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम 17

राज्य सिविल सेवाओं से भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित/प्रोन्नत अधिकारियों के लिए 117वाँ प्रवेशकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम 26

मध्यावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम

मध्यावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम चरण–III (9वां दौर) 17

मध्यावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम चरण–IV (10वां दौर) 20

मध्यावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम चरण–V (9वां दौर) 23

वर्कशाप/सेमिनार/अन्य

1965 बैच के अधिकारियों का स्वर्ण जयंति पुनर्मिलन 28

अध्याय 4: अकादमी के सहायक केंद्र 29

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एकक (एनआईसी यूनिट) 29

आपदा प्रबंधन केंद 31

ग्रामीण अध्ययन केंद 32

राष्ट्रीय भू–अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (एनएलआरएमपी) सेल 35

राष्ट्रीय जेंडर केंद्र 35

अध्याय 5: क्लब एवं सोसाइटियां 41

साहसिक खेल–कूद क्लब 41

कंप्यूटर सोसाइटी 41

ललित कला एसोसिएशन 41

फिल्म सोसाइटी 41

अभिरूचि क्लब 42

प्रबंधन मंडल 42

प्रकृति प्रेमी क्लब 43

अधिकारी क्लब 43

राइफल एवं धनुर्विद्या क्लब 44

समकालीन क्रियाकलाप सोसाइटी 44

अधिकारी मैस 44

समाज सेवा सोसाइटी 45

अध्याय 6: अकादमी संसाधन 46

गांधी स्मृति पुस्तकालय 46

वित्तीय विवरण 47

राजभाषा 48

प्रशिक्षण अनुसंधान एवं प्रकाशन प्रकोष्ठ 49

परिशिष्टियां 52

परिशिष्ट 1: भौतिक अवसंरचना 52

परिशिष्ट 2: ला.ब.शा.रा.प्र.अ. के निदेशकों एवं संयुक्त निदेशको की सूची 53

परिशिष्ट 3: अकादमी के संकाय सदस्य एवं अधिकारी 55

परिशिष्ट 4: 90वें आधारिक पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों का सेवावार ब्यौरा 57

परिशिष्ट 5: भा0प्र0 सेवा चरण–I (2014–16 बैच) के प्रतिभागियों का राज्यवार/संवर्ग ब्यौरा 58

परिशिष्ट 6: भा0प्र0 सेवा चरण–II (2013–15 बैच) के प्रतिभागियों का राज्यवार/संवग ब्यौरा 59

परिशिष्ट 7: भा0प्र0 सेवा चरण–III 9वें दौर के प्रतिभागियों का राज्यवार/संवग ब्यौरा 60

परिशिष्ट 8: भा0प्र0 सेवा चरण–IV 10वें दौर के प्रतिभागियों का राज्यवार/संवग ब्यौरा 62

परिशिष्ट 9: भा.प्र. सेवा (चरण–V) के मध्यावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम के 9वें दौर के प्रतिभागियों का राज्यवार/संवग ब्यौरा 64

परिशिष्ट 10: 117वें प्रवेशकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों का राज्यवार/संवग ब्यौरा 65

अध्याय 1

परिचय

ला.ब.शा.रा.प्र.अ

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, (ला.ब.शा.रा.प्र.अ.) मसूरी भारत में सर्वोच्च सिविल सेवाओं के सदस्यों के लिए एक मुख्य प्रशिक्षण संस्थान है।ला.ब.शा.रा.प्र.अ. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार का अधीनस्थ कार्यालय है। इसका नेतृत्व निदेशक द्वारा किया जाता है जो भारत सरकार के अपर सचिव/संयुक्त सचिव स्तर का अधिकारी होता है।

ला.ब.शा.रा.प्र.अ. विभिन्न रैंकों पर नियुक्त सिविल सेवकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण मॉड्यूलों का संचालन करता है। यहां अखिल भारतीय सेवाओं और केन्द्रीय सेवाओं के समूह 'क' के नव–नियुक्त अधिकारियों के लिए साझा आधारिक पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। यह अकादमी आधारिक पाठ्यक्रम के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा के नियमित सदस्यों तथा रॉयल भूटान सेवा के सदस्यों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देती है। अकादमी भा0 प्र0 सेवा के सदस्यों के लिए सेवाकालीन तथा मिड कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमसीटीपी) और राज्य सिविल सेवाओं से भा0 प्र0 सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए अकादमी में नियमित अंतराल पर प्रवेशकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ–साथ नीतिगत मामलों पर कार्यशालाओं तथा सेमिनारों का भी आयोजन करती है।

उत्पत्ति एवं विकास क्रम

तत्कालीन गृहमंत्री ने 15 अप्रैल, 1958 को लोकसभा में एक ऐसी राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव की घोषणा की थी जहां वरिष्ठ सिविल सेवाओं में भर्ती सभी सदस्यों को आधारिक और मूलभूत विषयों का प्रशिक्षण दिया जाए। गृह मंत्रालय ने आई.ए.एस. ट्रेनिंग स्कूल, दिल्ली और आई.ए.एस. स्टाफ कालेज, शिमला को मिलाकर मसूरी में राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी स्थापित करने का निर्णय लिया। 1959 में अकादमी की स्थापना की गई तथा इसका नाम 'राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी' रखा गया। इसे भारत सरकार गृह मंत्रालय के अंतर्गत 'संबद्ध कार्यालय' का दर्जा प्राप्त था। अक्तूबर, 1972 में इसका नाम बदलकर 'लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी' कर दिया गया। जुलाई 1973 में, इसके नाम में 'राष्ट्रीय' शब्द भी जोड़ा गया और अब यह अकादमी 'लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी' के नाम से जानी जाती है। यह अकादमी 1870 में बने प्रतिष्ठित ''शार्लेविल होटल'' में शुरू की गई थी। यहां अकादमी की शुरुआत के लिए आधारिक संरचना मौजूद थी। इसके बाद इसमें काफी विस्तार किया गया। पिछले कई वर्षों में कई नए भवन बनाए और खरीदे भी गए।

15 अप्रैल, 1958	लोकसभा में तत्कालीन गृह मंत्री द्वारा अकादमी स्थापित करने की घोषणा
13 अप्रैल, 1959	मेटकॉफ हाऊस, नई दिल्ली में 115 अधिकारियों के प्रथम बैच ने प्रशिक्षण आरंभ किया
1 सितम्बर, 1959	मसूरी में अकादमी की शुरुआत
1969	अकादमी में चरण–। का सेंडविच पैटर्न की शुरूआत। जिला प्रशिक्षण (संबंधित राज्य संवर्गों के संबंध में) के बाद कैंपस प्रशिक्षण पर चरण–।। प्रशिक्षण आरंभ किया गया। इससे पूर्व आधारिक पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जा रहा था, बाद में 8 माह का व्यावसायिक प्रशिक्षण आरंभ किया गया।
आरंभ से 31.8.1970 तक	अकादमी गृह मंत्रालय के अधीन कार्य कर रही थी।
1.9.1970 से अप्रैल 77 तक	अकादमी ने मंत्रिमंडल सचिवालय मामले विभाग के अधीन कार्य–किया
अक्टूबर, 1972	अकादमी के पूर्व नाम "प्रशासन अकादमी" में "लाल बहादुर शास्त्री" जोड़ा गया

जुलाई, 1973	"राष्ट्रीय" शब्द जोड़ा गया और अब अकादमी को "लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी" के नाम से जाना जाता है।
अप्रैल, 1977 से मार्च, 1985	अकादमी गृह मंत्रालय के अधीन कार्य कर रही थी।
अप्रैल, 85 से अब तक	अकादमी ने कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के अधीन कार्य करना आरंभ किया।
1988	राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केंद्र एवं प्रशिक्षण यूनिट (निक्टू) की स्थापना की गई।
1989	राष्ट्रीय जेंडर केंद्र – यह सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1961 के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी है।
1989	ग्रामीण अध्ययन केंद्र की स्थापना
2004	आपदा प्रबंधन केंद्र की स्थापना
3 नवंबर, 1992	कर्मशिला भवन का उद्घाटन, भारत के तत्कालीन उपराष्ट्रपति माननीय श्री के.आर. नारायणन द्वारा किया गया।
9 अगस्त 1996	कालिंदी भवन का उद्घाटन तत्कालीन राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन एवं संसदीय कार्यमंत्री माननीय श्री एस.आर. बालासुब्रह्मणयम द्वारा किया गया।
9 अगस्त,1996	ध्रुवशिला भवन का उदघाटन, तत्कालीन राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन एवं संसदीय कार्यमंत्री माननीय श्री एस.आर. बालासुब्रह्मणयम द्वारा किया गया।
8 सितंबर, 2004	अस्पताल ब्लॉक का उद्घाटन तत्कालीन गृह मंत्री माननीय श्री शिराज वी. पाटिल द्वारा किया गया।
29 जून, 2015	आधारशिला ब्लॉक का उद्घाटन राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन, माननीय डॉ0 जितेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण पद्धति

इस अकादमी का यह प्रयास रहता है कि देश के लिए ऐसा अधिकारी–तंत्र तैयार करने में मदद की जाए जो अपने पद की अपेक्षा, अपने कार्यों से सम्मान पा सकें। पाठ्य–विवरण को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए उनकी निरंतर समीक्षा कर अद्यतन किया जाता है। ऐसा करने के लिए राज्य काउंसलरों के माध्यम से राज्य सरकारों से और अर्धवार्षिक सम्मलेनों में राज्य सरकारों की सलाह, प्रतिभागियों के फीडबैक और इस उद्देश्य के लिए गठित सरकारी समितियों की सिफारिशों के आधार पर किया जाता है। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों से भी समय–समय पर विचार–विमर्श किया जाता है। यह स्पष्ट है कि प्रवृत्तियों और मूल्यों की महत्ता को उजागर करने के लिए कक्षा–व्याख्यान की विधि बहुत उपयुक्त नहीं है। अधिकांश पाठ्यक्रम मॉड्यूल के अनुसार चलते हैं, इसके अनुसार उपयुक्त विषय चुने जाते हैं और उसके सभी पहलुओं पर विचार करते हुए, सुव्यस्थित तरीके से उसका व्यापक अध्ययन किया जाता है।

मॉड्यूल में निम्नलिखित सभी या कुछ विधियां प्रयुक्त की जाती हैं:–

- अकादमी के संकाय तथा अतिथि संकाय, दोनों द्वारा व्याख्यान
- विविध विचारों को जानने के लिए पैनल परिचर्चा
- प्रकरण अध्ययन (केस स्टडी)
- फिल्में
- समूह परिचर्चा
- अनुकरण अभ्यास
- संगोष्ठियां
- मूट कोर्ट और मॉक ट्रायल
- आदेश और निर्णय लेखन अभ्यास
- प्रयोगात्मक निदर्शन

- समस्या समाधान अभ्यास
- रिपोर्ट लेखन (सत्र आलेख)
- समूह कार्य

फील्ड भ्रमण

हिमालय ट्रैक–ऐसे ट्रैकों के दौरान अधिकारी प्रशिक्षणार्थी कठिन भू–क्षेत्र, अप्रत्याशित मौसम, अपर्याप्त आवास और खाद्य–पदार्थों की कम उपलब्धता जैसी दशाओं में अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों की हिम्मत की परीक्षा होती है। इस यात्रा के दौरान उनकी वास्तविक सामर्थ्य और दुर्बलताएं सामने आ जाती हैं।

पिछड़े जिलों के गांव का दौरा – अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ग्रामीण जीवन की समस्याओं और वास्तविकताओं को समझने के लिए पिछड़े जिलों के गांवों का दौरा किया जाता है। इन फील्ड भ्रमणों तथा ग्रामीण लाभार्थियों के साथ विचार–विनिमय के जरिए, समाज पर सरकारी कार्यक्रमों के प्रभाव, कार्य अनुसंधान भी किया जाता है।

संघ–भाव को बढ़ावा

अखिल भारतीय सेवाओं तथा केंद्रीय सेवा समूह 'क' के सभी अधिकारी प्रशिक्षणार्थी लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी से ही अपने व्यावसायिक जीवन की शुरुआत करते हैं। यह सरकारी क्षेत्र में कार्य करने का उनका पहला अनुभव होता है। परिणामस्वरूप, यह संस्था विभिन्न सिविल सेवाओं के युवा अधिकारियों के बीच जुड़ाव की भावना कायम करते हैं। इस प्रकार यह अकादमी अधिकारियों के बीच ऐसा भाईचारा स्थापित करती है कि वे अपने पुराने दिनों को याद करते हैं। अकादमी की यह अनोखी विशिष्टता, इसकी आधुनिक अवसंरचना के अतिरिक्त, नवीन एवं पुरातन का अनोखा मिश्रण है।

परिसर

अकादमी की मुख्य विशेषता यह है कि उसकी नवीनतम अवसंरचना के अतिरिक्त, उसके अद्वितीय पुरातन एवं नवीनता का मेल है। प्रसिद्ध शार्लेविले होटल जिसका निर्माण 1870 में किया गया था, अकादमी की अवस्थिति एवं आरंभिक अवसंरचना उपलब्ध कराता है तत्पश्चात इसका विस्तार किया गया। विभिन्न विगत पाठ्यक्रमों के दौरान नये भवन निर्मित किए गए तथा अन्य का अधिग्रहण किया गया। अकादमी तीन परिसरों शार्लेविले, ग्लेनमायर तथा इंदिरा भवन में फैला हुआ है। प्रत्येक की अपनी विशिष्ट प्रकृति है। शार्लेविले में नये प्रशिक्षणार्थियों को तथा संरचित पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जाता है। ग्लेनमायर में पूर्व का राष्ट्रीय प्रशासनिक अनुसंधान संस्थान अवस्थित है तथा इंदिरा भवन परिसर में सेवाकालीन प्रशिक्षण तथा अन्य विशिष्ट पाठ्यक्रमों, कार्यक्रमों, कार्यशालाओं तथा संगोष्ठियों का आयोजन किया जाता है। अकादमी की अवसंरचनाओं का अतिरिक्त विवरण अनुलग्नक –I में संलग्न है।

अकादमी प्रमुख

अकादमी का नेतृत्व भारत सरकार के अपर सचिव रैंक का अधिकारी करता है। अकादमी में सेवा के प्रसिद्धी प्राप्त सदस्यों द्वारा इसका नेतृत्व किया जाता रहा है। अकादमी के आरंभ से इसके निदेशकों तथा संयुक्त निदेशकों की सूची अनुलग्नक–II में दी गई है अकादमी के अधिकारियों की सूची अनुलग्नक –III में दी गई है।

अध्याय 2

वर्ष 2015-16 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान ला.ब.शा.रा.प्र.अ. की विभिन्न अनुसंधान इकाइयों द्वारा आयोजित गोष्ठियों/कार्यशालाओं के अतिरिक्त कुल 7 व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। कुल 1346 प्रतिभागी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उपस्थित रहे। निम्नलिखित तालिका वर्ष 2015–16 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षणार्थियों का वितरण प्रदर्शित करती है। पाठ्यक्रम की विशेषताएं अध्याय–3 में दी गई है।

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम समन्वयक	कार्यक्रम	प्रतिभागियों की संख्या		
				पु.	म.	योग
प्रवेशकालीन पाठ्यक्रम						
1.	भा.प्र.सेवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण–I (2014–16 बैच)	श्रीमती जसप्रीत तलवार	15 दिसंबर, 2014 से 12 जून, 2015 तक	127	56	183
2.	भा.प्र.सेवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण–II (2013–15 बैच)	श्रीमती रोली सिंह	29 जून, 2015 से 21 अगस्त, 2015 तक	127	50	177
3.	अखिल भारतीय सेवाओं तथा केंद्रीय सेवाओं (समूह–'क') 2015 भर्ती पात्र सदस्यों के लिए 90वां आधारिक पाठ्यक्रम	श्रीमती निधि शर्मा	7 सितंबर, 2015 से 18 दिसंबर, 2015 तक	249	104	353
4.	राज्य सिविल सेवा से पदोन्नत/ भा.प्र. सेवा की चयन सूची में आने वाले अधिकारियों के लिए 117वां प्रवेशकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम	श्री दुष्यंत नरियाला	27 जुलाई, 2015 से 4 सितंबर, 2015 तक	67	8	75
मध्यावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम						
5.	भा0प्र0 सेवा अधिकारियों के लिए 9वां मिड कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम, चरण– III	डॉ0 प्रेम सिंह	1 जून, 2015 से 17 जुलाई, 2015 तक	92	20	112
6.	भा.प्र. सेवा के अधिकारियों के लिए 10वां मिड कैरिअर प्रशिक्षण कार्यक्रम चरण–IV	श्री तेजवीर सिंह	6 अप्रैल, 2015 से 22 मई, 2015 तक	46	16	62
7.	भा.प्र. सेवा के अधिकारियों के लिए 9वां मिड कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम चरण–V	श्री राजीव कपूर	11 अक्टूबर, 2015 से 6 नवंबर, 2015 तक	84	13	97
कार्यशाला/सेमिनार तथा अन्य कार्यक्रम						
8.	1965 बैच के अधिकारियों का स्वर्ण जयंति पुनर्मिलन	श्री अभिषेक स्वामी	25 मई 2014 से 26 मई 2014 तक	82	6	88

9.	महिला एवं बाल हिंसा पर प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	राष्ट्रीय जेंडर केंद्र	24 अगस्त, 2015 से 28 अगस्त, 2015 तक	14	25	39
10.	कांक्लेव ऑन जेंडर एंड चाइल्ड राइट इशूज	राष्ट्रीय जेंडर केंद्र	28 जनवरी, 2016 से 30 जनवरी, 2016 तक	28	52	80
11.	द शिड्यूल्ड ट्राइब्स एंड अदर ट्रेडिशनल फोरेस्ट ड्वेलर्स (रिकगनिशन ऑफ फोरेस्ट राइट) एक्ट 2006 फॉर एकेडमिशियन्स, सोशल एक्टीविस्ट्स, सिनियर ब्यूरोक्रेट्स, सिनियर फॉरेस्ट ऑफिशियल्स, एंड कंसर्न्ड सिटीजन्स	ग्रामीण अध्ययन केंद्र	20 अप्रैल 2015 से 21 अप्रैल, 2015 तक	15	06	21
12.	जर्नी टूवार्डस लैंड टाइटलिंग फॉर एकेडमिशियन्ससोशल एक्टीविस्ट्स, सिनियर ब्यूरोक्रेट्स, सिनियर फॉरेस्ट ऑफिशियल्स, एंड कंसर्न्ड सिटीजन्स	ग्रामीण अध्ययन केंद्र	23 अप्रैल, 2015 से 24 अप्रैल, 2015 तक	20	02	22
13.	कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफ अरबन लोकल बॉडिज ऑफ अरबन क्लाइमेट चेंज रेसिलिएन्स	आपदा प्रबंधन केंद्र	24 अगस्त, 2015 से 26 अगस्त, 2015 तक	16	02	18
14.	प्रकरण लेखन तथा शिक्षण कार्यशाला	प्रशिक्षण अनुसंधान एवं प्रकाशन प्रकोष्ठ	4 जनवरी, 2016 से 8 जनवरी, 2016 तक	13	06	19
			कुल योग	**980**	**366**	**1346**

उपरोक्त के अतिरिक्त, राज्य सिविल सेवा के अधिकारियों के लिए जिन्होंने भा.प्र.सेवा में प्रवेश किया है (पदोन्नति/चयन), बैकलॉग हटाने हेतु निम्नलिखित छः सप्ताह का प्रवेशकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम ला.ब.शा.रा.प्र.अ के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

संस्थान	अवधि	प्रतिभागियों की संख्या
ला.ब.शा.रा.प्र.अ. मसूरी	27–7–2015 से 4–9–2015	75
ए.टी.आई. पश्चिम बंगाल	3–8–2015 से 11–9–2015	60
ए.टी.आई. मैसूर	17–8–2015 से 25–9–2015	54
आई.एम.जी. केरल	7–9–2015 से 16–10–2015	42
ए.टी.आई. पश्चिम बंगाल	16–11–2015 से 24–12–2015	40
ए.टी.आई. मैसूर	23–11–2015 से 2–1–2016	50
आई.एम.जी. केरल	9–11–2015 से 18–12–2015	30

ला.ब.शा.रा.प्र.अ. के नेतृत्व के अंतर्गत, अपना अनिवार्य प्रशिक्षण पूर्ण नहीं करने वाले अधिकारियों का बैकलॉग के लिए निम्नानुसार प्रशिक्षण आयोजित किए गए।

संस्थान	प्रतिभागियों की संख्या
डा0 मेरी चन्ना रेडडी मानव संसाधन विकास संस्थान, हैदराबाद	64
हरियाला लोक प्रशासन संस्थान, गुड़गांव	77

अध्याय 3

पाठ्यक्रम तथा गतिविधियां - विषेशताएं

अकादमी में प्रत्येक वर्ष कई पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें से आधारिक पाठ्यक्रम मुख्यतः ज्ञान आधारित होता है। व्यावसायिक पाठ्यक्रम मूलतः कौशल केंद्रित होता है तथा सेवाकालीन पाठ्यक्रम मुख्यतः सरकार में वरिष्ठ पदभार ग्रहण करने हेतु नीति निर्धारण क्षमताओं में वृद्धि करने पर केंद्रित होते हैं।

विभिन्न पाठ्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैः

आधारिक पाठ्यक्रम

यह पाठ्यक्रम अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों के लिए है : भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय वन सेवा तथा भारतीय विदेश सेवा एवं विभिन्न केंद्रीय सेवाएं (समूह –'क'), इसे अब वर्ष में सामान्यत : एक बार सितंबर से दिसंबर तक संचालित किया जाता है। चूंकि अधिकारी प्रशिक्षणार्थी सरकार में नए प्रवेशक होते हैं अतः हम उनको एक निर्धारित पाठ्यक्रम द्वारा राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक तथा प्रशासनिक विषयों से अवगत कराने का प्रयास करते हैं।

90वां आधारिक पाठ्यक्रम

(07 सितंबर, 2015 से 18 दिसंबर, 2015)

पाठ्यक्रम का लक्ष्य/लक्ष्य समूह	अखिल भारतीय सेवाओं, तथा केन्द्रीय सेवाओं (समुह 'क')–2015 के भर्ती पात्र सदस्यों के लिए
पाठ्यक्रम समन्वयक	श्रीमती निधि शर्मा, उपनिदेशक (वरिष्ठ)
सह–पाठ्यक्रम समन्वयक	श्रीमती जसप्रीत तलवार, संयुक्त निदेशक श्री जयंत सिंह, उपनिदेशक (वरिष्ठ) श्री सी. श्रीधर, उपनिदेशक (वरिष्ठ) श्रीमती अश्वती एस0 उपनिदेशक श्रीमती तुलसी मद्दिनेनी, उपनिदेशक
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	श्री संजय कोठारी, भा.प्र. सेवा, सचिव भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय
विदाई समारोह संबोधन	श्री डी.आर. मेहता, भा.प्र. सेवा (सेवानिवृत्त) पूर्व अध्यक्ष सेबी
प्रतिभागियों की संख्या	कुल 353 (पुरुष 249, महिला 104)

90वें आधारिक पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों का ब्योरा परिशिष्ट –4 में संलग्न है।

लक्ष्य

90वें अधारिक पाठ्यक्रम का उद्देश्य 253 युवा अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों में अधिकारी सदृश गुणों को विकसित करना है। आधारिक पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश की विभिन्न सेवाओं में संबद्ध अधिकारियों में संघ–भाव को विकसित करना है। अकादमी रॉयलभूटान सिविल सेवा के अधिकारियों को भी 90वें आधारिक पाठ्यक्रम के भाग के रूप में प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की। 15 सप्ताह का यह पाठ्यक्रम 7 सितंबर, 2015 को आरंभ हो कर 18 दिसंबर को समाप्त हुआ। यह प्रशिक्षण अध्ययन विषय तथा पाठयेत्तर गतिविधियों का एक सम्मिश्रण है जिसे अकादमी के संकाय के अतिरिक्त प्रशिक्षकों और सार्वजनिक जीवन के सभी क्षेत्रों से बुलाए गए वक्ताओं के एक विवेक पूर्ण मिश्रण द्वारा पूरा किया जाता है।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

- अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को देश के प्रशासनिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिदृश्य की जानकारी देना।
- अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को सिविल सेवा में आने वाली चुनौतियों तथा अवसरों से अवगत कराना।
- अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व की सभी विशेषताओं जैसे बुद्धिमत्ता, नैतिकता, शारीरिक तथा सौंदर्य का विकास करना।
- संघ–भाव को विकसित करके विभिन्न सिविल सेवाओं के सदस्यों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

आधारिक पाठ्यक्रम में कॉलेज तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक दुनिया से अलग सरकार की व्यवस्थित प्रणाली में कार्य करने पर ध्यान दिया जाता है। अधिकांश प्रतिभागियों के लिए यह पाठ्यक्रम सरकार और शासन एवं समाज में सरकार की भूमिका के बारे में पहला परिचय था। पाठ्यक्रम की रूपरेखा इस तरह से बनाई गई है ताकि शैक्षणिक, बाह्य क्रियाकलाप, पाठ्येत्तर तथा सह–पाठ्यक्रम गतिविधियों का समिश्रण करके रेखांकित उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सके। अकादमी का उद्देश्य प्रत्येक अधिकारी प्रशिक्षणार्थी को उन आधारिक मूल्यों, कौशलताओं तथा ज्ञान से तैयार करना है जो उनके व्यवसाय में सहायक हो। उन्हें सरकारी क्षेत्रों में प्रभावी कार्य–निष्पादन के लिए जरूरी शासन की बुनियादी अवधारणाओं, नियमों तथा विनियमों को समझने में उपयोगी प्रशिक्षण सामग्रियां उपलब्ध कराई जाती है।

पाठ्यक्रम समन्वयक की रिपोर्ट

हमने भूटान के अपने प्रशिक्षणार्थियों सहित विभिन्न सेवाओं के 353 अधिकारियों के साथ 90वें आधारिक पाठ्यक्रम की यात्रा का आरंभ किया। प्रशिक्षणार्थियों को अधिकारी सदृश गुणों तथा प्रवृत्तियों को प्राप्त करने में सक्षम बनाने और संघ–भाव को आत्मसात करने के लिए उन्हें जेंडर सेवा तथा क्षेत्र जैसे परिवर्तनशील परिस्थितियों पर समूहबद्ध, पुनः समूहबद्ध तथा क्रमबद्ध किया गया ताकि वे एक तो अल्प समय एवं दूसरा पाठ्यक्रम टीम की दो प्रतिकूल परिस्थितियों में चुनौतीपूर्ण कार्यों को निष्पादित कर सके।

यद्यपि इन्होंने कक्षा में आचार नीति, शिष्टाचार तथा नेतृत्व की बुनियादी जानकारी प्राप्त की तथापि ये अन्य स्थानों के अलावा रूपकुंड तथा रुपिनपास की जैसे हिमालय क्षेत्र की कठिन ऊंचाइयों सहित कैम्पटी फॉल, बिनोग हिल तथा लाल टिब्बा के लघु ट्रेकों के दौरान खराब मौसम और घातक जोंक से भी जूझते रहे। यद्यपि इन्होंने विभिन्न अन्य विधाओं के अलावा विधि, लोक प्रशासन तथा अर्थशास्त्र की गहन पढ़ाई की तथापि अकादमी में आयोजित वे भारत दिवस समारोह के दौरान सूक्ष्म जगत अर्थात भारत की संस्कृति और परंपराओं को इस मंच पर प्रदर्शित करने के लिए देर रात तक कठिन परिश्रम करते रहे। आईसीटी लैब सत्रों में नए युग की सूचना प्रोद्यौगिकी के बारे में उनकी कौशलता को निखारा गया जबकि भारत के गांवों के भ्रमण कार्यक्रम से शुरूआती स्तर पर प्रशासन की वास्तविकताओं को समझने का अवसर मिला।

प्रख्यात अतिथि वक्ता

- श्री के. विजय कुमार, भा.पु. सेवा (सेवानिवृत्त), वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली
- श्री प्रेम सिंह, संयुक्त निदेशक (सेवानिवृत्त), राजभाषा, नई दिल्ली
- डॉ0 ज्ञानेन्द्र डी. बड़गैयां, पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री, यूएनडीपी
- श्री शेखर गुप्ता, संपादकीय सलाहकार, इंडिया टूडे ग्रुप, नई दिल्ली
- सुश्री गुरप्रीत महाजन, प्रो., सेंटर फॉर पॉलिटिक्ल स्टडीज स्कूल ऑफ सोशल सांइसेज जवाहरलाल नेहरू, यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली।
- डॉ0 नीरा चन्द्रोक, प्रोफेसर पॉलिटिकल साइंस, दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- सुश्री मालविका महेश्वरी, सहायक प्रोफेसर, पॉलिटिकल साइंस, दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- डॉ0 मुस्तफा फैजन, वाइस चांसलर, नालसार, विधि विश्वविद्यालय, हैदराबाद, हैदराबाद
- सुश्री अनुराधा डालमिया, निदेशक, एनआईवीएच, देहरादून, उत्तराखंड
- डॉ0 कनिका टी. बहल, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, प्रबंधन अध्ययन विभाग, आईआईटी, नई दिल्ली
- श्री ई.एस.एल. नरसिम्हा, माननीय राज्यपाल आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना
- श्री टी.आर. रघुनन्दन, सलाहकार, एकाउन्टेबिलिटी इनिशिएटिव, सेन्टर फॉर पॉलिसी रिसर्च, नई दिल्ली
- श्री गिलेश वरनीयर्स, सहायक प्रोफेसर राजनीति विज्ञान अशोक विश्वविद्यालय, सोनीपत, हरियाणा

- प्रोफेसर, अरूण कुमार, जेएनयू, नई दिल्ली
- श्री माधव खोसला, फैकल्टी, डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
- श्री ए.के. श्रीनिवास (सेवानिवृत्त), प्रोजेक्ट डाएरेक्टर ई–गवर्नमेंट – ए.पी., यूएलबी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन, प्रोग्राम मैनेजमेंट स्पेश्लिस्ट– आर.के.वी.वाई. प्रोजेक्ट हैदराबाद
- श्री रामानाथन एस., यूनीशायर विक्टरी पैलेस, बंगलौर
- डॉ0 शेफाली एस. दास, उप महानिदेशक, एनआईसी, नई दिल्ली
- डॉ0 शालिनी रजनीश, भा.प्र. सेवा, प्रधान सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं जिला प्रभारी सचिव, टुमकारू, बंगलौर, कर्नाटक
- प्रोफेसर एम.पी. सिंह, नई दिल्ली
- श्री ए.एस. किरण कुमार, चेयरमैन इसरो एवं अंतरिक्ष आयोग एवं सचिव भारत सरकार, नई दिल्ली
- डॉ0 सूजन थॉमस, इन्दिरा गांधी विकास अनुसंधान, संस्थान गोरेगांव, मुम्बई
- सुश्री रेणुका साणे, विजिटिंग सहायक प्रोफेसर, भारतीय सांख्यिकी संस्थान, नई दिल्ली
- श्री अमरजीत सिन्हा, आई.ए.एस. अपर सचिव, भारत सरकार ग्रामीण विकास, नई दिल्ली
- डॉ0 निपुन विनायक, आई.ए.एस. निदेशक, पेयजल एवं स्वच्छ भारत मिशन, नई दिल्ली
- डॉ0 किरन कार्णिक, पूर्व अध्यक्ष, नासकॉम
- श्री दिलीप साइमन, अमन पब्लिक चैरीटेबल ट्रस्ट, नई दिल्ली
- श्री जोजफ डी क्रूज, प्रोग्राम एनेलिस्ट,यूएनडीपी, नई दिल्ली
- श्री जगदीश खट्टर, कार्नेशन, इंडिया
- श्री निखिल डे, मजदूर किसान शक्ति संगठन, उदयपुर, राजस्थान
- श्री जयंत सिन्हा, माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार
- श्री किरेन रिजिजू, माननीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार
- श्री अभिजीत दास गुप्ता, प्रोफेसर एवं प्रमुख, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, नई दिल्ली
- श्री के.पी. शशिधरण, आई.ए. एंड एस., महानिदेशक, केन्द्रीय लेखा परीक्षा, बान्द्रा पूर्व, मुंबई
- श्री टी0 आर0 रैना, एमडी (पथ) प्रशासक, स्वामी विवेकान्द चैरिटी अस्पताल एवं पूर्व प्रोफेसर तथा अध्यक्ष, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन पीजी डिपार्टमेंट, जम्मू सरकार
- प्रोफेसर अशोक गुलाटी, इन्फोसिस चेयर प्रोफेसर फॉर एग्रीकल्चर, आईसीआरआईईआर, नई दिल्ली
- श्री टेरी मोरान, पूर्व मंत्रीमंडल सचिव, आस्ट्रेलिया सरकार
- प्रोफेसर बीजू वारके, आई.आई.एम., वस्त्रपुर, अहमदाबाद
- लेफ्टिनेन्ट जनरल एस.ए. हसनैन (सेवानिवृत्त), पीवीएसएम, यूवाईएम, एवीएसएम, एसएम (बार), वीएसएम (बार) गुड़गांव, हरियाणा
- सुश्री राजेश्वरी सेन गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान, मुंबई
- प्रोफेसर अजय शाह, राष्ट्रीय लोक वित्त नीति संस्थान, नई दिल्ली
- श्री भरत कर्नाड, प्रोफेसर, नीति अनुसंधान केंद्र, नई दिल्ली
- प्रोफेसर जोश फेलमन, सहायक निदेशक, आई.एम.एफ.
- श्री प्रताप भानु मेहता, अध्यक्ष, नीति अनुसंधान केन्द्र, नई दिल्ली
- श्री विनोद कुमार, निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून
- श्री नजीब शाह, अध्यक्ष, केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड, नई दिल्ली
- डॉ0 हिमांशु राय, डीन, एम.आई.एस.बी. बोकोनी, मुंबई
- एम्बेसडर श्री प्रदीप कपूर, स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी, युनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड, वाशिंगटन
- श्री अनिल कुमार सिन्हा, निदेशक, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरों, नई दिल्ली

- श्री गुलशन राय, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक, एन.एस.सी.एस., नई दिल्ली।
- श्री गौतम भान, वरिष्ठ सलाहकार, आई.आई.एच.एस., बंगलौर

भा.प्र. सेवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण– I (26 सप्ताह)

आधारिक पाठ्यक्रम के पश्चात भा.प्र. सेवा के अधिकारी प्रशिक्षणार्थी व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण– I में पहुंचते हैं। यह पाठ्यक्रम उस वातावरण की समझ को मजबूत करने का प्रयास करता है, जिसके अंतर्गत भा.प्र. सेवा के अधिकारी को कार्य करना होता है। जन व्यवस्था एवं उसके प्रबंधन पर बल दिया जाता है। चरण– I के दौरान भा.प्र. सेवा के अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को शीतकालीन अध्ययन भ्रमण पर भेजा जाता है जिसमें तीन सेना बलों, सार्वजनिक उपक्रम, निजी सेक्टर, नगर निगम निकाय, स्वैच्छिक एजेंसियां, जनजाति क्षेत्र, निजी क्षेत्र तथा गैर सरकारी संगठन के साथ संबद्धता शामिल है। सेना बलों के साथ संबद्धता से उनकी भूमिका की बेहतर सराहना का प्रयोजन पूरा होता है। संसदीय अध्ययन ब्यूरो के साथ प्रशिक्षण तथा संवैधानिक प्राधिकारियों के साथ भी प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है।

ये संबद्धताएं अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को देश की विविध मोजेक का अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। उन्हें विभिन्न संगठनों की कार्य पद्धति को नजदीक से देखने तथा समझने का अवसर भी प्राप्त होता है। तत्पश्चात, अधिकारियों को कक्ष प्रशिक्षण की व्यवस्था से गुजरना होता है। अतः भारत सरकार द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम के अनुसार अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को लोक प्रशासन, प्रबंधन, विधि, कंप्यूटर तथा अर्थ शास्त्र के व्यावसायिक विषयों की शिक्षा दी जाती है। चरण– I पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर, अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को एक वर्ष के जिला प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है।

भा.प्र. सेवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण– I (2014–16 बैच)

(15 दिसंबर, 2014 से 12 जून, 2015 तक)

कार्यक्रम का उद्देश्य/लक्ष्य समूह	भा.प्र. सेवा में नवनियुक्त अधिकारियों के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम
पाठ्यक्रम समन्वयक	श्रीमती जसप्रीत तलवार, संयुक्त निदेशक
सह– पाठ्यक्रम समन्वयक	श्रीमती रोली सिंह, उपनिदेशक (वरिष्ठ) श्रीमती निधि शर्मा, उपनिदेशक (वरिष्ठ) श्री सौरभ जैन, उपनिदेशक श्रीमती सुनीता रानी, प्रोफेसर
कुल प्रतिभागी	183 (पुरुष –127, महिला– 56)

भा.प्र. सेवा चरण–I (2014–16 बैच) के प्रतिभागियों का ब्योरा परिशिष्ट – 5 में संलग्न है।

लक्ष्य

- एक प्रभावी सिविल सेवक बनने के लिए अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों के ज्ञान, कौशल तथा मनोभावों में वृद्धि करना।
- आचार – नीति एवं विकासात्मक प्रशासन से संबंधित लर्निंग एक्सपीरियेंस से अवगत करना।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

- अखिल भारतीय परिप्रेक्ष्य में हमारी उभरती सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक – विधिक प्रवृत्तियों से अवगत होना, भा0प्र0 सेवा की उभरती भूमिका एवं अन्य सेवाओं के साथ अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को समझना।
- सेवा (कैरियर) के पहले दशक में निम्न क्षेत्रों में प्रशासनिक उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने के लिए आवश्यक ज्ञान तथा कौशल प्राप्त करना :
  - विधि एवं विधिक कार्यवाहियां
  - प्रशासनिक नियम, प्रक्रियाएं तथा कार्यक्रम दिशानिर्देश
  - आधुनिक प्रबंधन साधन तथा
  - आर्थिक विश्लेषण
- अपनी प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक लोकाचार की बेहतर समझ के लिए आवंटित राज्य की क्षेत्रीय भाषा में कुशलता सिद्ध करना।

- आवंटित राज्य की सांस्कृतिक तथा सामाजिक – आर्थिक पृष्ठभूमि को समझना।
- अंतर्वैयक्तिक तथा संगठनात्मक,दोनों संदर्भों में लिखित/मौखिक संप्रेषण कौशल का प्रभावी प्रदर्शन करना।
- उचित जीवन मूल्यों एवं मनोभावों का प्रदर्शन करना।
- शारीरिक स्वास्थता को बनाए रखना।
- ''शीलम परम भूषणम्'' की भावना पर दृढ़ रहना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा तथा विशय

चरण–I कार्यक्रम की पाठ्यक्रम रूपरेखा ज्ञान एवं विषय वस्तु के संदर्भ सोच–समझ कर सामान्य बनायी गई है। अध्ययन, शिक्षा, खेल–कूद तथा मनोरंजन को पर्याप्त स्थान देते हुए यहां अधि0 प्रशि0 में ज्ञान, कौशल तथा मनोभावों का एक ऐसा परिवेश तैयार किया जाता है जिससे वे कार्यक्षेत्र तथा पहल दोनों में भावी उत्तरदायित्वों को उठा पाने में सक्षम होंगे जो कि काफी चौंकाने वाली तथा पेचीदगी भरी होती है।

26 सप्ताह का भा0प्र0 सेवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम, चरण–। (2014 बैच) 15 दिसंबर, 2014 को प्रारंभ हुआ तथा 12 जून, 2015 को समाप्त हुआ था। इसमें दो मुख्य घटक थेः–

- शीतकालीन अध्ययन भ्रमण एवं ब्यूरो ऑफ पार्लियामेन्ट्री स्टडीज (09 सप्ताह का कार्यक्रम – 20 दिसंबर, 2014 से 20 फरवरी, 2015 तक हुआ था)।
- 2 मार्च, 2015 से 12 जून, 2015 तक ऑन कैंपस प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

चरण–। पाठ्यक्रम एक पूर्णकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम है जिसमें पाठ्यक्रम तथा पाठ्येतर गतिविधियों का मिश्रण होता है। दिन की शुरूआत पोलोग्राउंड में शारीरिक व्यायाम के साथ 6:30 बजे शुरू होती है। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अधिकारी–प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विभिन्न क्लब तथा सोसाइटियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे।

शैक्षणिक विषय

ऑन कैंपस शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 मार्च, 2015 को आरंभ हुआ था। हालांकि ''भारतीय प्रशासकि सेवा (अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों की अंतिम परीक्षा) विनियम, 1955'' के अंतर्गत निर्धारित पाठ्यक्रम एक आधारिक पाठ्यक्रम है, तथापि भा0प्र0 सेवा के अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण की आवश्यकताओं में परिवर्तन करने के लिए समुचित संशोधन किए गए हैं। शैक्षणिक मॉड्यूल विषयवार तैयार किए जाते हैं जिसमें अलग–अलग कार्य के ऐसे विषय शामिल किए जाते हैं जो विभिन्न कार्य–क्षेत्रों में भा0प्र0 सेवा के अधिकारियों को करना होता है। इसमें विधि, अर्थशास्त्र, राजनैतिक सिद्धांत तथा संविधान, भाषा एवं आई.सी.टी. के व्यापक सत्र आयोजित किए गए।

अपनाई गई प्रशिक्षण कार्य–प्रणाली में अन्य बातों के साथ–साथ मिश्रित व्याख्यान, प्रकरण अध्ययन परिचर्चा, सेमीनार, पैनल चर्चा, आदेश लेखन अभ्यास, मूट कोर्ट तथा मॉक ट्रायल, मेनेजमेंट गेम तथा रोल प्लेसमूह अभ्यास, फिल्म, क्षेत्रीय तथा आउटडोर भ्रमण कार्यक्रम शामिल है। अधिकारियों को संबोधित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से अनेक विशेषज्ञ एवं ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया।

एक भा.प्र. सेवा अधिकारी के बतौर अधिकारी प्रशिक्षणार्थी को आवंटित राज्य भाषा में निपुण होना होता है। चरण–। पाठ्यक्रम में वैधानिक भाषा परीक्षा आयोजित की गई। अधिकारी प्रशिक्षणार्थी जो पहले से ही संवर्ग की भाषा से परिचित थे उनको भाषा के प्रशासनिक प्रयोग में विकसित अनुदेश उपलब्ध कराए गए तथा उनसे वैकल्पिक मॉड्यूल एवं गतिविधियां भी कराई गई। प्रशिक्षु अधिकारियों से अपना राज्य पेपर संवर्ग की भाषा में प्रस्तुत करने को कहा गया जबकि उनकी हार्ड कॉपी भी अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत किया जा सकता है। चरण–। का आईसीटी का मॉड्यूल अधिकारी प्रशिक्षणार्थी को किसी सिस्टम का कंप्यूट्रीकरण करने में उपयोग होने वाले कॉनसेप्ट/विषय, क्लाइंट/सर्वर कंप्यूटिंग, ई–गवर्नेन्स इत्यादि से परिचित करने हेतु डिजाइन किया गया है। इस विषय का उद्देश्य अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को कंप्यूटर प्रोफेशनल बनाना नहीं है बल्कि उनको वास्तविक कार्य वातावरण से परिचित कराना है।

मूल्यांकित शैक्षिक कार्य : –पाठ्यक्रम में पुस्तक समीक्षा तथा स्टेट टर्म पेपर के माध्यम से एक स्वअध्ययन आधारित तत्व भी उसके डिजाइन में समाहित किए गए थे जिसे परामर्शी समूह बैठक में आवंटित राज्य की क्षेत्रीय भाषा में प्रस्तुत किया गया, शीतकालीन अध्ययन भ्रमण समूह प्रस्तुतियां, वैयक्तिक शीतकालीन अध्ययन डायरी तथा यात्रावृत्त, बाह्य गतिविधियों में भागीदारी, पाठ्यत्तर गतिविधियों में भागीदारी भी इसमें शामिल थे।

बाह्य गतिविधियां : भा.प्र. सेवा में कैरियर अक्सर कार्यलय केंद्रित तथा तनावपूर्ण होता है। सेवा के अधिकारी का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना सेवा की आवश्यकता है। चरण–। पाठ्यक्रम में अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम की आदत

विकसित करने एवं बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सुबह का शारीरिक प्रशिक्षण अनिवार्य होता है।शारीरिक व्यायाम तथा बाह्य गतिविधियां इस पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण भाग होता है।

पाठ्येतर गतिविधियां : अधिकारी जिनका कार्यालयी कार्य के अतिरिक्त अन्य रूचियां भी होती है वह सेवा में उत्पन्न होने वाले तनाव से अधिक सक्षमता से निपट सकते हैं। चरण– । पाठ्यक्रम में अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को मॉड्यूल द्वारा सृजनात्मक गतिविधियों में रूचि उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

आंचलिक दिवस : अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा चरण– । पाठ्यक्रम में आंचलिक दिवस आयोजित किया गया। आंचलिक दिवस आयोजित करने का उद्देश्य अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को उनके आवंटित संवर्गों की संस्कृति एवं खान–पान से परिचित करना है। प्रत्येक क्षेत्र के लिए समूह का गठन आवंटित राज्य पर आधारित होगा।

अंतर–सेवा अधिकारी संगम : क्लब एवं सोसाइटियों द्वारा एक अंतर–सेवा अधिकारी संगम भी 10 से 14 अप्रैल 2015 के दौरान आयोजित किया गया। इस समागम में अध्ययन तथा पाठ्येतर प्रतियोगिता का आयोजन शामिल थे जिससे अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को अन्य सेवाओं के अपने बैच के साथियों से परस्पर संपर्क करने का अवसर प्राप्त हुआ तथा विभिन्न सेवाओं के बीच सौहार्द एवं संघ भाव को प्रोत्साहित किया।

नवाचार सम्मेलन (Innovation Conference) : पाठ्यक्रम के अंतिम सप्ताह में एक नवाचार सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट प्रयास एवं नयाचार पद्धतियों को विकसित करने वाले अधिकारियों द्वारा अन्य अधिकारियों के साथ साझा किया गया।

मॉड्यूल : विषय पर आधारित जिला प्रशासन मॉड्यूल : भू–प्रशासन, ग्रामीण विकास विकेन्द्रीकरण, कृषि एवं पीडीएफ, मीडिया नेतृत्व मॉड्यूल, कार्यालय प्रबंधन, सामाजिक क्षेत्र (स्वास्थ्य), सामाजिक क्षेत्र (शिक्षा) सामाजिक सुरक्षा, ई–गवर्नेन्स एवं बीपीआर, लोक वित्त, नगर निगम प्रशासन, प्रशासकों के लिए अवसंरचना एवं इंजीनियरिंग कौशल, वातावरण, वन एवं जनवायु परिवर्तन, कानून एवं व्यवस्था, आपदा प्रबंधन नीतियां, नैतिक एवं भ्रष्टाचार निवारण नीतियां तथा चुनाव और नवाचार संगोष्ठियां भी पाठ्यक्रम के दौरान आयोजित की गई।

सराहनीय कार्य निष्पादन के लिए पुरस्कार :व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण– । के दौरान भा.प्र. सेवा अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अध्ययन एवं पाठ्येतर गतिविधियों में सराहनीय निष्पादन के लिए उनको पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

पाठ्यक्रम समन्वयक की रिपोर्ट :

पाठ्यक्रम की रचना लगभग तीन बृहद, घटकों में की गई है जिसमें 16 सप्ताह का परिसर में कक्षा आधारित प्रशिक्षण तथा मूल्यांकन, 8 सप्ताह का शीतकालीन अध्ययन भ्रमण तथा 01 सप्ताह का संसदीय प्रक्रियाओं तथा कार्यवाहियों पर प्रशिक्षण शामिल है। 26 सप्ताह के इस पाठ्यक्रम में कक्षीय विषयों में लगभग 300 घंटे लगे जिसमें हम लोक प्रशासन के 144 सत्र, विधि के 30 सत्र भाषा के 20, प्रबंधन के 45, अर्थशास्त्र के 30 तथा आईसीटी के 10 सत्र कवर करने में सफल रहे हैं। शीतकालीन अध्ययन दौरे में तीनों सशस्त्र बलों, प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, कॉरपोरेट सेक्टर, गैर–सरकारी संगठनों, जिला प्रशासन, द्वीप प्रशासन तथा वामपंथी अतिवादियों और बलवा प्रभावित क्षेत्रों के साथ व्यापक संबद्धताएं की गई। अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को डायरी–के रूप में तथा यात्रा वृतांत के रूप में अपने अनुभवों तथा विचारों को दर्ज करना होता है। शीतकालीन अध्ययन भ्रमण की समाप्ति पर, संसदीय अध्ययन तथा प्रशिक्षण ब्यूरो के साथ उनकी संबद्धता के दौरान संवैधानिक पदों पर आसीन गणमान्यों के साथ भेंट कराई जाती है तथा विचार–विनिमय कराया जाता है। इस दौरान उनकी भेंट भारत के महामहिम राष्ट्रपति, माननीय उपराष्ट्रपति, सम्माननीय प्रधान मंत्री, कार्मिक राज्य मंत्री तथा कई अन्य विशिष्ट सांसदों से कराई जाती है। मंत्रिमंडल सचिव तथा भारत सरकार के कतिपय सचिवों के साथ विचार–विनिमय कार्यक्रम बीपीएसटी संबद्धता का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है। प्रयुक्त किए गए शैक्षणिक विषयों में प्रकरण अध्ययन, सेमिनारों में समूह कार्य प्रस्तुति, आदेश लेखन तथा रोल प्ले शामिल किए गए।

विभिन्न क्लबों तथा सोसाइटियों की शिक्षणेतर गतिविधियां बहुत ओजपूर्ण थी। यद्यपि अधिकारी क्लब ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर ख्याति प्राप्त की तथापि, राइफल तथा धनुर्विद्या क्लब ने शूटिंग का प्रभावी प्रदर्शन किया। साहसिक खेलकूद क्लब के तत्वावधान में रीवर राफ्टिंग का आयोजन किया गया। सोसाइटी फॉर कंटेम्परेरी अफेयर्स परिचर्चाओं, कैडर कैफे तथा अन्य बहुत सारे कार्यक्रमों के आयोजन में सक्रिय रहा। प्रबंधन मंडल ने अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों के लिए तरह–तरह के माइंड गेम्स का आयोजन किया जबकि ललित कला एसोशिएसन ने सालसा नृत्य तथा नियमित संगीत संध्या का आयोजन किया। गृह पत्रिका सोसाइटी ने सक्रिय रूप से सबसक्राइब्ड ब्लॉग का प्रकाशन किया जबकि कंप्यूटर सोसाइटी ने लैपटॉप मरम्मत में अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों की सहायता की तथा एंटी वायरस सॉफ्टवेयर लगाया। किसी से पीछे न रहने वाले समाज सेवा सोसाइटी ने समीप के विद्यालयों में नियमित वृहस्पतिवार की चिकित्सा सेवा तथा परामर्शी सेवा का आयोजन करके सराहनीय कार्य किया। अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों ने 4 क्षेत्रीय दिवस का आयोजन करके अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

आर्थिक विकास पर एम.आई.टी. पाठयक्रम के माध्यम से इस पाठयक्रम में मूक लर्निंग (Mooc Learning) तथा फ्लिप्ड क्लासरूम के प्रयोग से भी परिचित कराया। प्रतिभागियों को कुछ ऐसे शैक्षणिक विषयों की जानकारी दी गई जिन्हें विश्व के कुछ उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थानों में दी जा रही है। अप्रैल में पहली इंटर सर्विसेज मीट 'संगम' की मेजबानी की गई। संगम में ला.ब.शा.रा.प्र.अ. के अलावा केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थानों के 9 तथा अन्य अकादमियों के 164 अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिए जिसमें कई प्रतियोगी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रख्यात अतिथि वक्ता

- श्री उमेश सिन्हा, भा.प्र. सेवा, उप चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली
- सुश्री सौजन्या, भा.प्र. सेवा, निदेशक स्वजल प्रोजेक्ट, इंजीनियरिंग संस्थान, देहरादून
- श्री एस.ए. मुरूगसेन, भा.प्र. सेवा, मेला अधिकारी, अर्धकुम्भ मेला, उत्तराखंड सरकार, हरिद्वार
- श्री सचिन आर. जाधव, भा.प्र. सेवा, जिला मजिस्ट्रेट, जिला अंगुल, ओडिशा
- श्री नागराजन एम, भा.प्र. सेवा, जिला विकास अधिकारी, गुजरात सरकार, साबरकांठा, गुजरात
- श्री संजय दुबे, भा.प्र. सेवा, संभागीय आयुक्त, इंदौर संभाग, मध्य प्रदेश
- सुश्री आरती डोगरा, भा.प्र. सेवा, प्रबंध निदेशक, जोधपुर विद्युत निगम, न्यू पावर हाऊस, जोधपुर
- डॉ0 के. सीता प्रभु, टाटा चेयर प्रोफेसर, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई
- श्री औंजनेय कुमार सिंह, भा.प्र. सेवा, विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, लखनऊ
- सुश्री सरिता नागपाल, प्रधान सलाहकार, भारतीय उद्योग परिसंघ, गुड़गांव कार्यालय, गुड़गांव
- श्री स्नेहिल कुमार, टाटा क्वालिटी मैनेजमेंट काउंसलर, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)
- श्री कृष्ण कुमार, भा.प्र. सेवा, उपाध्यक्ष, भुवनेश्वर विकास प्राधिकारण, भुवनेश्वर, उड़ीसा
- श्री कुमार रवि, भा.प्र. सेवा, जिला मजिस्ट्रेट, जिला दरभंगा, बिहार
- श्री पी. वेलरसू, भा.प्र. सेवा, विशेष आयुक्त, बिक्री कर, महाराष्ट्र सरकार, मुम्बई
- श्री आशीष गुप्ता, भा.पु. सेवा, संयुक्त सचिव, एनएटीजीआरआईडी, नई दिल्ली
- श्री राजेश दास, भा.पु. सेवा, अपर पुलिस महानिदेशक, सामाजिक न्याय एवं मानव अधिकार, चेन्नई
- श्री अमित सतिजा, भा.प्र. सेवा, एडिशनल सीईओ / निदेशक (राजस्व), दिल्ली जल बोर्ड, नई दिल्ली
- डॉ0 एम. सैजाद हसन, अध्येता, सेंटर फॉर इक्विटी स्ट्डीज, अमन बिरादरी, नई दिल्ली
- श्री संदीप वर्मा, भा.प्र. सेवा, उपमहानिदेशक, यूआईडीएआई, नई दिल्ली
- सुश्री सोनाली घोष, वैज्ञानिक ई, यूनेस्को सी2सी ऑन वर्ल्ड हेरिटेज साइट, मैनेजमेंट एंड ट्रेनिंग फॉर एशिया एंड द पैसिफिक, भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून
- प्रोफेसर ई. सोमनाथन, अर्थशास्त्र एवं नियोजन यूनिट, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, नई दिल्ली
- प्रोफेसर हिमांशू राय, डीन, एम. आई. एस. बी. बोकोनी, मुंबई, महाराष्ट्र
- श्री कबीर वाजपेयी, प्रधान आर्किटेक्ट, विन्यास, सेंटर फॉर आर्किटेचरल रिसर्च एंड डिजाइन, नई दिल्ली
- श्री पवन कुमार शर्मा, भा.प्र. सेवा, अपर आयुक्त, उत्तरी दिल्ली नगर निगम आयुक्त, नई दिल्ली
- श्री अमलानज्योति गोस्वामी, कानून एवं विनियमन प्रमुख, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन सेटलमेंट्स, बंगलोर
- डॉ0 देविंदर सिंह, प्रोफेसर, विधि विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- श्री पी. उमानाथ, भा.प्र. सेवा, अपर सचिव, वित्त विभाग, तमिलनाडु सरकार, चेन्नई
- माननीय मुख्य मंत्री, आंध्र प्रदेश
- श्री रमानाथन सोमसुंदरम, एस जी – 02, यूनिशायर विक्ट्री पैलेस, गुट्टाहल्ली, बैंगलोर
- श्री एस. राशिद बशा, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनआईएसजी, नई दिल्ली
- श्री एस. चोक्कालिंगम, संभागीय आयुक्त, पुणे
- श्री अनुराग बाजपेयी, निदेशक, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली
- श्री ई. श्रीधरण, अकादमी निदेशक, यूनिवर्सिटी ऑफ पैंसिलवेनिया इंस्टीट्यूट फॉर द एडवांस्ड स्टडी ऑफ इंडिया (यूपीआईएएस), नई दिल्ली।

- श्री मनोज झलानी, भा.प्र. सेवा, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नई दिल्ली
- डॉ0 अच्युत सामंत, संस्थापक, केआईआईटी / केआईएसएस, केआईआईटी यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर, उड़िसा
- डॉ. मनोहर अगनानी, भा.प्र.सेवा, आयुक्त, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, भोपाल
- डॉ. निखिल जे. गुप्ता, उपनिदेशक (प्रशासन एवं सीनियर कोर्सेज)एसवीपीएनपीए, हैदराबाद
- श्री जयेश रंजन, भा0प्र0 सेवा, उपाध्यक्ष एवं एमडी, तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम, हैदराबाद।
- श्री मनिवंनन पी., प्रबंध निदेशक, कर्नाटक स्टेट हाईवेज इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट, बंगलुरू
- श्री अकुन सभरवाल, निदेशक एवं नियंत्र, औषध प्रशासन, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश
- श्री संजय बहादुर, आईआरए, निदेशक, क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, मुंबई
- प्रोफेसर, राम कुमार कंकानी, सहायक प्रोफेसर, एक्स एल आर आई स्कूल ऑफ बिजनेस, सी.एच.एरिया (एस्टेट), जमशेदपुर – 831035
- श्री निशांत वरवड़े, भा.प्र. सेवा, कलेक्टर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश
- श्री मनिक सरकार, सी.एम. त्रिपुरा
- श्री अमर केजेआर नायक, प्रोफेसर, स्ट्रटेजिक मैनेजमैंट, जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट भुवनेश्वर, उड़ीसा
- प्रोफेसर, विजय पॉल शर्मा, कृषि प्रबंधन केंद्र (सीएमए), आईआईएम, अहमदाबाद
- श्री जॉन फ्लोरेटा, डिप्टी, जेपीएएल एम.आई.टी
- श्री संजीव चोपड़ा, भा.प्र. सेवा, संयुक्त सचिव, कृषि एवं सहकारिता विभाग
- श्री महेंद्र जैन, भा.प्र. सेवा, अपर मुख्य सचिव, कर्नाटक सरकार, बंगलुरू
- डॉ.ए. संतोष मैथ्यू, भा.प्र. सेवा, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, ग्राम विकास विभाग, ग्राम विकास मंत्रालय, नई दिल्ली
- श्रीमती सौजन्या, भा.प्र. सेवा, निदेशक, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट, स्वजल प्रोजेक्ट देहरादून, उत्तराखंड
- सुश्री मंजू राजपाल, भा.प्र. सेवा, निदेशक, रूरल कनेक्टिविटी, आईसी / आईसीई / आरटीआई, ग्राम विकास विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली
- डॉ0 दिनेश अरोड़ा, भा.प्र. सेवा, कार्यकारी निदेशक, ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड, नई दिल्ली
- श्री रंजीत निर्गुणी, सदस्य, जिला परिषद, समस्तीपुर, बिहार
- श्री सुयश राय, वरिष्ठ परामर्शदाता, एनआईपीएफपी, नई दिल्ली
- श्री बी. के. सिन्हा, भा.प्र. सेवा (सेवानिवृत्त), पूर्व सचिव, भारत सरकार एवं सदस्य प्रशासन, केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, नई दिल्ली
- श्री ओ.पी. चौधरी, भा.प्र. सेवा, जिला मजिस्ट्रेट, जांजगीर – चंपा, छत्तीसगढ़
- सुश्री निवेदिता पी. हरण, भा.प्र. सेवा (सेवानिवृत्त), पूर्व अपर मुख्य सचिव, केरल सरकार
